पाठ 1

# रिश्तों की समझ



संजना और सलमा स्कूल में साथ–साथ पढ़ते हैं। संजना एक दिन बहुत उदास थी। सलमा ने उससे पूछा, आज तुम इतनी उदास क्यों हो? संजना ने कहा, मेरी माँ की तबीयत खराब है। सलमा बोली– चिंता मत करो संजना, मध्यांतर में हम साथ बैठ कर विस्तार से बात करेंगे। आण्टी, जल्दी ठीक हो जाएँगी।

**मध्यांतर में ..........................................**



**सलमा –** हाँ, संजना! बताओ, माँ को क्या हुआ ?

**संजना –** माँ को कल से तेज बुखार आ रहा है।

**सलमा –** डॉक्टर को दिखाया ?

**संजना–** हाँ, डॉक्टर ने दवाइयाँ दी हैं। दादीजी व ताईजी माँ की देखभाल कर रही हैं।



**सलमा –** फिर क्यों चिंता कर रही हो। तुम्हारे परिवार में तो सब लोग हैं।

**संजना–** हाँ। मेरा पूरा परिवार एक साथ रहता है। दादाजी, दादीजी, ताऊजी, ताईजी, चाचाजी, चाचीजी व उनके बच्चे हम सब साथ–साथ रहते हैं।

**सलमा –** तुम बिलकुल चिंता मत करो, तुम्हारे घर में सब मिलकर माँ की अच्छी तरह देखभाल कर रहे हैं। देखना, वह दो–तीन दिन में ठीक हो जाएँगी। मेरे घर पर केवल मेरी माँ, पिताजी व मेरी छोटी बहिन है।





एकल परिवार



संयुक्त परिवार



चित्र 1.1 परिवारों की जानकारी



## निम्नलिखित सारणी को कॉपी में बनाकर पूर्ण कीजिए

| परिवार के सदस्य | आपके साथ रहते हैं या कहीं ओर, स्थान का नाम लिखिए |
|---|---|
| दादाजी | ................................................................................................. |
| दादीजी | ................................................................................................. |
| ताऊजी | ................................................................................................. |
| ताईजी | ................................................................................................. |
| पिताजी | ................................................................................................. |
| माताजी | ................................................................................................. |
| चाचाजी | ................................................................................................. |
| चाचीजी | ................................................................................................. |





आपने पिछली कक्षा में एकल व संयुक्त परिवार के बारे में समझा है। एकल परिवारों में बच्चों के पालन पोषण के लिए केवल माता–पिता ही होते हैं जबकि संयुक्त परिवार में सभी सहयोग करते हैं।



## पता कीजिए और लिखिए

- आपके पड़ोस में कौन–कौन रहते हैं ?
- इनमें एकल परिवार कितने हैं ?
- उनके घर में कितने–कितने सदस्य रहते हैं ? उनके बीच काम का बँटवारा किस प्रकार का है?
- इनमें संयुक्त परिवार कितने हैं ?
- उनमें कितने–कितने सदस्य रहते हैं ? उनके बीच काम का बँटवारा किस प्रकार का है?
- संजना का परिवार, एकल परिवार होता तो उसकी माँ की देखभाल कौन–कौन करता ?



## परिवार का वंशवृक्ष

संजना ने अपने परिवार का वंशवृक्ष बनाया।



| | | | |
|---|---|---|---|
| **अणदाराम** | **(पड़दादाजी)** | **धापुबाई** | **(पड़नानीजी)** |
| ↑ | | ↑ | |
| मोती लाल | (दादाजी) | कमला | (नानीजी) |
| ↑ | | ↑ | |
| जगदीश | (पिताजी) | रितु | (माताजी) |
| ↑ | | ↑ | |
| संजना | (स्वयं) | संजना | (स्वयं) |



- अब आप भी अपने परिवार के पिता व माता दोनों ओर के सदस्यों की सहायता से वंश–वृक्ष बनाइए।

सलमा घर आकर पिताजी से पूछती है कि हमारे दादा, दादी, चाचा, चाची हमारे साथ क्यों नहीं रहते हैं ? पिताजी, अपना परिवार इतना दूर शहर में क्यों आ गया ? क्या हम अपने गाँव में रहकर साथ–साथ कार्य नहीं कर सकते हैं ?



### सोचिए और बताइए

- सलमा के पिताजी ने उसे क्या उत्तर दिया होगा ?



आजकल व्यवसाय की तलाश या उच्च शिक्षा पाने के लिए परिवार शहरों की ओर पलायन करने लगे हैं। शहरों में अधिकतर छोटे–छोटे मकान होते हैं जिसमें कम लोग रह सकते हैं इसलिए संयुक्त परिवार बँट कर एकल परिवार बनने लगे हैं। संयुक्त परिवार बँटने के और भी कई कारण हैं जैसे–परिवारों की सदस्य संख्या, आदतें, सदस्यों के व्यवहार, आर्थिक स्थिति, आय–व्यय करने की क्षमता, त्योहार मनाने के तरीके आदि में निरंतर बदलाव।

### चर्चा कीजिए और बताइए



- एकल परिवार बनने के क्या–क्या कारण हैं ?
- संयुक्त परिवार एवं एकल परिवार में क्या अंतर है ?
- समय के साथ त्योहार मनाने के तरीकों में क्या–क्या बदलाव आए हैं?



अपनी कॉपी में सारणी बनाकर लिखिए कि आप अपने रिश्तेदारों के यहाँ कब–कब जाते हैं। जैसे– आवश्यक कार्य होने पर, त्योहारों पर या कभी नहीं आदि।

| रिश्तेदारी | क्या आप इनके साथ रहते हैं | कब–कब जाते हैं |
|---|---|---|
| नानाजी–नानीजी | | |
| दादाजी–दादीजी | | |
| चाचाजी–चाचीजी | | |
| भुआजी–फूफाजी | | |
| मौसाजी–मौसीजी | | |



## गोद लेना

एक बार बरसात के दिनों में संजना एवं सलमा विद्यालय से पिकनिक मनाने दूर बगीचे में गए। बगीचे में अन्य साथियों के साथ खेल–कूद व खाने–पीने का आनंद लिया। बगीचे में बैठ कर खाना खाते हुए कक्षा के ही मोहन ने योगी से पूछा, तुम अपने साथ किसको लेकर आए हो ?



**योगी** – यह मेरी छोटी बहन है।

**मोहन** – यह पहले तो कभी तुम्हारे साथ दिखाई नहीं दी। अचानक कहाँ से आ गई?

**योगी** – यह हमारे घर में नई आई है। इसे मेरे माताजी व पिताजी ने गोद लिया है। जैसे मैं अपने माता–पिता का लड़का हूँ वैसे ही यह भी मेरे माता–पिता की लड़की है। इस तरह ये मेरी बहन है। यह मुझे बहुत अच्छी लगती है, मेरे साथ–साथ घूमती है और मेरी नकल करती रहती है।



**किसी रिश्तेदार या अन्य के बच्चे को कानूनी संरक्षण प्रदान करना, गोद लेना कहलाता है।**

## सोचिए और बताइए



- यदि आप एकल परिवार में रह रहे हैं और आपकी माँ 2–3 दिन के लिए बाहर जाती है तब आप कैसा महसूस करते हैं ?
- जिन बच्चों के माता–पिता नहीं होते हैं उनकी देखभाल के लिए सरकार द्वारा संचालित विद्यालय/आश्रम/ छात्रावास के बारे में शिक्षक से चर्चा कीजिए।

## कौन किसके जैसा

संजना और उसकी बहिन पिंकी अपनी माँ के साथ मामा की शादी में गई, वहाँ उसकी मौसीजी भी आई। उसकी गोद में एक छोटी सी बिटिया थी। माँ, देखो! ये कितनी सुंदर है। अरे! देखो–देखो इसकी नाक तो नानी जैसी है, आँखें इसके चाचाजी जैसी है, गोरा रंग दादाजी जैसा है और इसके भाई के चेहरे का रंग तो हल्का साँवला है।













चित्र 1.2 माँ, पिंकी व मौसी

## पता कीजिए व लिखिए

- आपके कौन–कौनसे शारीरिक लक्षण आपके परिवार के किस सदस्य से मिलते हैं? अपनी कॉपी में लिखिए।

| लक्षण | किसके जैसे |
|---|---|
| चेहरा | |
| आँखें | |
| नाक | |
| बाल | |
| कान | |
| रंग | |

संजना ने अपनी माँ से पूछा— माँ—माँ ! मेरी कक्षा में अंजली बाएँ हाथ से लिखती है लेकिन उसकी लिखावट बहुत सुंदर है। इसके लिए उसे ईनाम भी दिया गया। मैंने उससे पूछा कि—तुम दाएँ हाथ से क्यों नहीं लिखती हो? हम सब तो दाएँ हाथ से लिखते हैं। उसने कहा—मैं सभी कार्य बाएँ हाथ से ही करती हूँ। मैंने दाएँ हाथ से लिखने का प्रयास किया पर लिख नहीं पाती हूँ।

## पता कीजिए व लिखिए

आपकी कौन—कौनसी आदतें आपके परिवार के किस सदस्य से मिलती हैं? अपनी कॉपी में लिखिए—

| आदतें | परिवार में किससे मिलती है |
|---|---|
| बात करना | |
| चलना | |
| उठना—बैठना | |
| | |
| | |

बच्चों के लक्षण अपने माता—पिता, दादा—दादी, नाना—नानी के लक्षणों से मिलते हैं। इन लक्षणों को आनुवांशिक (वंशानुगत) लक्षण कहते हैं। यह वंशानुगमन अर्थात् पीढ़ी दर पीढ़ी लक्षणों का गमन कहलाता है। बच्चों में कुछ लक्षण आस—पास के वातावरण से प्राप्त होते हैं, जो वंशानुगत नहीं होते हैं।

## आओ जानें

ग्रेगर जॉन मेण्डल ने मटर के पौधे पर बहुत से प्रयोग कर वंशानुगत के नियम प्रतिपादित किए इसलिए उन्हें आनुवांशिकी का जनक कहा जाता है।



चित्र 1.3 ग्रेगर जॉन मेण्डल



डॉ. हरगोविन्द खुराना ने वंशानुगत नये गुणों के निर्धारण हेतु कई शोध पत्र लिखे। इस कार्य हेतु इन्हें नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

चित्र 1.4 डॉ. हरगोविन्द खुराना





पिंकी ने यह तो समझा कि हम अपने माता–पिता या घर के अन्य सदस्यों जैसे होते हैं। लेकिन वह यह भी जानना चाहती थी कि क्या यह गुण जानवरों में भी होते हैं?

## चर्चा कीजिए और बताइए



- गाय अपने बछड़े को कैसे पहचानती है ?
- आपकी माँ भीड़ में आपको कैसे पहचानती है ?

वास्तव में प्रत्येक जीव में उसके माता–पिता या पूर्वजों के गुण होते हैं, लेकिन वे कुछ गुणों में भिन्न भी होते हैं। यहाँ तक कि जुड़वाँ बच्चे भी कुछ–कुछ गुणों में एक–दूसरे से भिन्न होते हैं।



## हमने सीखा

- अलग–अलग कारणों से परिवार एकल या संयुक्त होते हैं।
- एकल व संयुक्त परिवार में सदस्यों की भूमिकाएँ अलग–अलग होती हैं।
- कुछ लोग गोद लेकर बच्चों को पाल–पोस कर बड़ा करते हैं।
- ग्रेगर जॉन मेण्डल को आनुवांशिकता का जनक कहा जाता है।
- डॉ. हरगोविन्द खुराना को वंशानुगत नये गुणों के निर्धारण हेतु नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।





## जाना—समझा, अब बताइए

### रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

- एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में गुणों का जाना ...................... कहलाता है।
- आनुवांशिकता के क्षेत्र में कार्य करने वाले किन्हीं दो वैज्ञानिकों के नाम लिखिए।
- वंशानुगत लक्षण कहाँ—कहाँ से प्राप्त होते हैं—

  (अ) दादा—दादी        (ब) नाना—नानी

  (स) माता—पिता        (द) इन सभी से        (   )



- आपकी माताजी की बहिन के साथ आपका क्या रिश्ता है ?
- संयुक्त परिवार व एकल परिवार में क्या अंतर है ?



**रिश्ते हैं अनमोल, समझो इनका मोल ।**



